ऐसा ही अभाव केन्द्र व राज्य के खुफिया तंत्र में भी है। इन सारी कमियों पर सरकार को विशेष कार्य-योजना बनाकर तत्काल कार्रवाई करनी होगी। संतोष की बात है कि सरकार ने आंतरिक सुरक्षा को देखते हुए गृह मंत्रालय के बजट में 30 परसैंट की बढ़ोत्तरी की है और वह पाक और बंगलादेश सीमा से होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए वहां कंटीली तारों की बाड़ लगाने के साथ सड़कें बनाने पर भी ध्यान दे रही हैं। सभी अर्ध-सैनिक बलों के लिए बजट में बढ़ोत्तरी की गई है । चालू वित्तीय वर्ष में सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और असम रायफल्स के बजट में भी 20 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। इन सबसे सरकार की मुस्तैदी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

अंत में मैं कुछ सलाह देना चाहूंगी कि सीमा सुरक्षा बल में महिलाओं की भी भर्ती की जाए, क्योंकि बंगलादेश और नेपाल की सीमा पर महिला तस्कर भी काफी संख्या में सक्रिय हो रही हैं।

साथ ही सुब्रह्मण्यम समिति और आंतरिक सुरक्षा पर गठित टास्क फोर्स की सिफारिशें भी शीघ्र लागू की जाएं। आतंकवादियों और नक्सलियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई हो। केस जल्दी निबटाए जाएं। दोषियों को सख्त सज़ा मिले। इन सब बातों को सुनिश्चित करना भी सरकार का दायित्व है।

इन सब बातों के साथ ही मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

श्री उपसभापति: श्री राशिद अल्वी। आप कृपया पांच मिनट से ज्यादा मत लीजिए, हाऊस का मूड नहीं है।

श्री राशिद अल्वी (आंध्र प्रदेश): सर, आप कहें तो मैं बोलूं ही नहीं, लेकिन पांच मिनट में इंटरनल सिक्युरिटी पर अगर कोई बोल ले, तो उसे नोबल प्राइस मिलना चाहिए।

श्री उपसभापति: वह देखेंगे हम, बाद में देखेंगे।

श्री राशिद अल्वी: सर, जिन लोगों को इंटरनल सिक्युरिटी की बड़ी चिंता है, वे तो मेरे सामने से सब गायब हैं, कोई है ही नहीं यहां पर।

श्री उपसभापति: इसीलिए कह रहा हूं।

श्री राशिद अल्वी: सर, मैं बहुत देर से बैठा-बैठा सोच रहा था कि जो बहस श्री अरुण शौरी जी ने शुरु की थी और यह भी शर्त थी कि इंटरनल सिक्युरिटी पर बहस हो और सिर्फ ऐसी बहस हो कि जो आज और कल या रिसेंट में जो डेवलपमेंट हैं, उन्हीं पर बहस करनी है, उससे पहले की बात नहीं करनी। मैं लाइब्रेरी गया और मैंने अखबारात देखे तो पिछले दो दिन में इस देश के अंदर सिवाय एक फिल्म एक्टर के पेट के ऑपरेशन के अलावा कोई दूसरी समस्या नहीं हुई। इसलिए मैं नहीं समझ पाता कि बात शुरु करुं तो कहां से शुरु करुं। अगर पहले से शुरु करुंगा तो, खैर, अब वे लोग, जो शोर मचाने वाले थे, चले–गए वो जो बेचते थे दवाए दिल, वो दुकान अपनी बढ़ा गए, कोई ज्यादा परेशानी मुझे नहीं होगी। लेकिन, अरुण शौरी जी मैं बड़े अदब के साथ आपसे कहना चाहता हूं कि पिछली सरकार और इस सरकार के थोड़े से डाटा मैं आपको दूंगा। अमरनाथ यात्रा...(व्यवधान)...

प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा: (उत्तर प्रदेश) आ गए। अहलुवालिया जी आ गए। ...(व्यवधान)...

श्री रूद्रनारायण पाणि: अहलुवालिया जी आ गए। ...(व्यवधान)...

प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा: आपने बुलाया और हम चले आए। ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: इससे पहले कि मैं अपनी बात शुरु करुं, थोड़े से डाटा आपको दे दूं। कश्मीर में, जहां सबसे ज्यादा टेरेरिज्म रहा है, 2005 में वहां चार लाख लोगों ने अमरनाथ की यात्रा की और साढ़े तीन लाख टूरिस्ट वहां पर आए।

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: धार्मिक यात्रा छोड़ दो।

श्री राशिद अल्वी: अब, देखिए, बीच में मत बोलिए आप। मैं आपको पूछकर नहीं बोलूंगा।

श्री उपसभापति: अल्वी जी, आप बोलिए। आप चेयर को ऐडरेस कर रहे हैं, उनको नहीं।

श्री राशिद अल्वी: 2003 के अंदर डेढ़ लाख लोग वहां पर आए थे टूरिस्ट्स की हैसियत से और इस सरकार की मौजूदगी में साढ़े तीन लाख लोग आए। पूरे देश के अंदर 2003 में जो इंसिडेंट्स हुए थे, वे 3401 थे।

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: गुलाम नबी जिस दिन शपथ ले रहे थे, उस दिन क्या हुआ?

श्री राशिद अल्वी: साहब, मैं इस तरह नहीं बोल सकता।

श्री उपसभापति: आप बोलिए।

श्री राशिद अल्वी: पहले आप उनको, सिस्टम को ठीक कीजिए। ...(**व्यवधान**)....

श्री उपसभापति: आप मुझे ऐडरेस कीजिए।

श्री राशिद अल्वी: मैं डाटा नहीं दे सकता हाऊस के अंदर? ...(**व्यवधान**)....

श्री उपसभापति: आप मुझे ऐडरेस कीजिए।

श्री राशिद अल्वी: कैसे ऐडरेस करूं? मैं इस तरह ऐडरेस नहीं कर सकता। ...(**व्यवधान**)...मैं डाटा नहीं दे सकता हाऊस में? ...(**व्यवधान**)....

श्री रूद्रनारायण पाणि: इन्होंने क्यों कहा कि वे लोग चले गए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**).... पाणि जी, आप जिस ...(**व्यवधान**).

श्री रूद्रनारायण पाणि: महोदय, हम लोग यहां बैठकर सुन रहे थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए। ...(व्यवधान)... पाणि जी, आप बैठिए।

श्री राशिद अल्वी: हाऊस में अगर मैं डाटा नहीं दे सकता तो फिर इंटरनल सिक्युरिटी पर बहस का कोई फायदा नहीं। क्या यह इंटरनल सिक्युरिटी की बहस होगी? मैं आपको बताना चाहता हूं कि पिछली सरकार और इस सरकार के अंदर क्या फर्क था?

अभी नकवी साहब कह कर चले गए कि यह नियम के ऊपर डिपेंड करता है। जिस पार्टी ने डेढ़ सौ साल हिन्दुस्तान की आजादी की लड़ाई लड़ी जिस पार्टी के अन्दर श्रीमती इंदिरा गांधी जैसी नेता

ने अपनी जान की कुर्बानी दे दी, जिस पार्टी के अन्दर श्री राजीव गांधी ने अपनी जिन्दगी की कुर्बानी दे दी, उसको क्या नीयत का सबक आपसे सीखना पड़ेगा? ...(व्यवधान)

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: *

प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा: *

श्री राशिद अल्वी: सर, इतिहास के पन्नों में जिन्दगी नहीं होती, ...(व्यवधान

एक माननीय सदस्या: देखिए, आपको बार-बार टोकना पड़ रहा है, ...(व्यवधान) आप मेहरबानी करिएगा। ...(व्यवधान)

श्री राशिद अल्वी: इतिहास के पन्ने ...(व्यवधान)

श्री उपसभापति: श्री अल्वी साहब जो बोलेंगे, सिर्फ वही रिकार्ड में जाएगा, दूसरा कुछ नहीं जाएगा।

श्री राशिद अल्वी: तारीख के सफ़ात में जिन्दगी नहीं होती, तारीख़ के सफ़ात ज़िन्दा नहीं होते हैं। अगर तारीख के सफ़ात के अन्दर, इतिहास के पन्नों के अन्दर ज़िन्दगी हुआ करती, तो वे आपकी बातें सुन कर खून के आंसू रोया करते। क्या आप हम लोगों को नीयत का सबक़ सिखाने का काम करेंगे। सर, ...(व्यवधान)

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा: *

श्री राशिद अल्वी: मैंने कभी भी भारतीय जनता पार्टी को सपोर्ट नहीं किया, आप को गलतफ़हमी है।

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा: *

श्री राशिद अल्वी: दो वर्ष नहीं, सारी उम्र में भी नहीं किया, न कभी करेंगे ...(व्यवधान)

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा: *

श्री राशिद अल्वी: यह तो ** लोगों की पार्टी है ...(व्यवधान)...

श्री रूद्रनारायण पाणि: यह गलत बात है, महोदय, यह ** शब्द क्या है?

श्री उपसभापति: ठीक है, यह शब्द अनपार्लियामेंटरी है, हम लोगों ने इसे निकाल दिया है। I have expunged it. ...*(Interruptions)* देखिए आप अनपार्लियामेंटरी वर्ड्स इस्तेमाल मत कीजिए। ...(व्यवधान) I have removed it. ...*(Interruptions)*... मैंने इसे एक्सपंज कर दिया है। ...(व्यवधान)

---

*Not recorded

**Expunged as ordered by the Chair.

श्री रूद्रनारायण पाणि:*

श्री उपसभापति: इनका कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा। Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*....Nothing will go on record.

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सर, आपने कहा कि इसे रिकॉर्ड से निकाल लिया गया है, यह तो वही बात है ना कि हाउस ऑफ कॉमन्स में एक मिनिस्टर को गाली निकालें और ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: अब हम आपसे हाउस ऑफ कॉमन्स के सबक सीखेंगे? ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : अब इसे क्या कहेंगे? ...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया :*

श्री उपसभापति : आप बैठ जाइए, बैठ जाइए। Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. अहलुवालिया जी, इससे ज्यादा न मैं कुछ कर सकता हूं और न आप कर सकते हैं, आप बैठ जाइए। ...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया :*

श्री उपसभापति : मैं और क्या करूं, आप बोलिए ...(व्यवधान)... और क्या किया जा सकता है, आप बोलिए ...(व्यवधान)... जरा मेहरबानी से आप भी अनपार्लियामेंटरी वर्ड्स इस्तेमाल मत कीजिए ...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : नहीं सर लाइव टेलीकास्ट में तो वह चला गया । वह तो अब यह कहें कि मैं अपने शब्द वापस लेता हूं । लाइव टेलीकास्ट में तो अब वह चला गया है अब तो आपके एक्सपंज करने से ऐसा नहीं है कि वह प्रिंट में नहीं जाएगी, लेकिन अब वे अपने शब्द वापस लें . ..(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : मैंने बोल दिया है ना कि अनपार्लियामेंटरी वर्ड्स ...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : महोदय आप पहले मुझे यह बताइए कि हमारे संवैधानिक ढ़ांचें में, कांस्टीटयूशनल स्ट्रक्चर में, क्या **शब्द का प्रयोग ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : आप भी अब उसी शब्द का प्रयोग क्यों कर रहे हैं? यह भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : ये क्या कहते हैं? ये क्या कहते हैं? ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: सर जिन मुद्दों की बात यहां पर कही गई ...(व्यवधान)...

---

*Not recorded

**Expunged as ordered by the Chair.

श्री एस.एस. अहलुवालिया : मुद्दा है ही नहीं ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: खास तौर से नक्सलाइट ...(व्यवधान)...

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा : आपके मुद्दे बदल गए ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : वर्मा जी, आप बोलने दीजिए ...(व्यवधान)... । देखिए, जब आप बात करते हैं, उस समय यदि आपको कोई डिस्टर्ब करे तो आपको कितना बुरा लगेगा...(व्यवधान)... । कुछ भी हो ...(व्यवधान)..., देखिए मैं पहले भी कह चुका हूं कि कोई मैम्बर, you cannot expect that he will speak what you want him to speak. ...(*Interruptions*)... देखिए क्रिटिसिज्म होगा और आपको बर्दाश्त भी करना पड़ेगा ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सर, मैं तो टीवी पर देख रहा था, टीवी पर इनका भाषण सुन रहा था, इन्होंने जबरदस्ती मुझे बुलाया है...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : इसीलिए आप भाग कर आ गए ...(व्यवधान)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सर, मैं तो कॉफी पी रहा था, टीवी पर इनको सुन रहा था।... (व्यवधान)...

श्री रूद्रनारायण पाणि: महोदय ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : देखिए पाणि जी आप हाउस में बार-बार हर मौके पर इंटरवीन करते हैं। कभी-कभी इंटरवीन हो तो ठीक है ...(व्यवधान)... आप बार-बार मत उठिए, यह अच्छा नहीं लगता है।

श्री राशिद अल्वी: सर, मैंने बिल्कुल भी किसी का नाम नहीं लिया था, न ही किसी पार्टी का नाम लिया था। मैंने तो सिर्फ इतना ही कहा था कि जो हाउस को डिस्टर्ब करते हैं, वे चले गए। मैंने किसी की तरफ भी इशारा नहीं किया था।

श्री उपसभापति : अल्वी साहब, देखिए अब आप अपने सब्जेक्ट पर आइए ,अगर आप सब्जेक्ट पर बोलते हैं तभी यह रिकॉर्ड में जाएगा। अगर आप कंट्रोवर्शियल बात पर बोलते हैं। तो ...(व्यवधान)... Chair will not be responsible. I will go by time. ...(*interruptions*)... Please speak on the facts ...(*interruptions*)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : यह क्या कह रहे हैं, इनके पास बोलने के लिए कुछ है ही नहीं। ...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Why are you doing like this? (*interrputions*)

SHRI S.S. AHLUWALIA: As a Parliamentary Affairs Minister, do you approve what he says? ...*(interrputions)*... As a Parliamentary Affairs Minister, do you approve what he says? ...(*interruptions*)... do you approve of this? ...(*interruptions*)...

श्री रूद्रनारायण पणि: सर, ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : रिकार्ड में कुछ नहीं जाएगा पणि जी का।...(व्यवधान)... आप जरा फैक्ट्स पर बोलिए, बस हो गया, अब फैक्ट्स पर आइए।...(व्यवधान)... टोका-टाकी की भी एक हद होती है...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: सर, अरूण शौरी जी ने जितनी स्पीच दी उसके अंदर इंसीडेंट्स को ज्यादा पोइंट-आउट किया कि कहां-कहां नेक्सलाइट के वाक्यात हुए , किन-किन स्टेट के अंदर हुए लेकिन मेरा कहना यह है कि जो बातें आपने कहीं, रवि जी ने किसी हद तक उस बात को सही कहा है कि स्टेट-सेंटर के रिलेशनशिप में जो कंस्टीट्यूशन है वह स्टेट के लॉ एंड आर्डर के मुताल्लिक है। जेठमलानी जी चले गए मैं उनसे भी कहना चाहता था, आर्टिकिल 365 को उन्होंने कोट किया, कंस्टीटयूशन के अंदर अकेला 355 नहीं 356,355 ये तमाम आर्टिकिल ऐसे हैं, यह बात ठीक है कि सेंट्रल गवर्नमेंट की जिम्मेदारी है, स्टेट गवर्नमेंट को इंटरनल सिक्योरिटी से हिफाजत देने के लिए । लेकिन यह कौन तय करेगा? किसी भी स्टेट के अंदर वहां का मुख्य मंत्री तय करेगा, वहां का चीफ मिनिस्टर तय करेगा कि सेंट्रल गवर्नमेंट का असिस्टेंस चाहिए या नहीं चाहिए। आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के अंदर जिस बात को आपने कोट किया है कि वहां कई जिलों के अंदर नेक्सलाइट एक्टिव होते चले जा रहे हैं, हमारे यहां पर मिनिस्टर आफ स्टेट होम एफेयर्स बैठे हैं। ये गए थे उत्तर प्रदेश के अंदर और वहां पर तमाम ऑफिसर्स की मीटिंग बुलाई थी। लेकिन तमाम ऑफिसर्स ने आने से मना कर दिया, चूंकि स्टेट-गवर्नमेंट ने मना कर दिया कि आप लोग होम मिनिस्टर की मीटिंग के अंदर नहीं जाएंगे। तो सेंट्रल गवर्नमेंट इससे ज्यादा क्या कर सकती है उत्तर प्रदेश के अंदर ...(व्यवधान)... मुझे बोलने दो।

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा : आप उस सरकार को भंग कर दीजिए।

श्री उपसभापति : वे जवाब आपसे तलब नहीं कर रहे हैं, मिनिस्टर से तलब कर रहे हैं, आप क्यों इंटरेप्ट कर रहे हैं?

श्री राशिद अल्वी: उत्तर प्रदेश के अंदर अयोध्या पर अटेक हुआ । सेंट्रल गवर्नमेंट ने तभी स्टेटमेंट दिया कि इंटेलीजेंस की रिपोर्ट थी और इंटेलीजेंस ने पहले ही यह इत्तला कर दी थी उत्तर प्रदेश को। तो सेंट्रल गवर्नमेंट इससे ज्यादा क्या कर सकती है, मैं अरूण शौरी जी से पूछना चाहता हूं। जहानाबाद के अंदर सेंट्रल गवर्नमेंट ने इंटेलीजेंस की रिपोर्ट पहले ही भेज दी थी। इससे ज्यादा सेंट्रल गवर्नमेंट के अख्त्यार के अंदर क्या है और मुझे याद है कि आप उस वक्त मंत्री थे जब

पार्लियामेंट के ऊपर हमला हुआ था। आपको याद होगा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी मुम्बई के अंदर स्टेटमेंट देकर आए थे कि हमें मालूम था, हमारे पास इंटेलीजेंस की रिपोर्ट थी कि पार्लियामेंट के ऊपर हमला होगा। मुम्बई के अंदर उन्होंने बयान दिया था। इसके बावजूद पार्लियामेंट के ऊपर हमला रोका नहीं जा सका। मुझे पांच साल का वह पूरा दौर याद है आपकी भारतीय जनता पार्टी की सरकार का कि जब कश्मीर असेम्बली पर हमला हुआ तब हाउस के अंदर आडवाणी जी ने कहा कि आई॰ एस॰ आई॰ का हाथ है, हम मजबूर हैं, हम कुछ नहीं कर सकते। पार्लियामेंट पर हमला हुआ तब आपने कहा कि आई॰ एस॰ आई॰ का हाथ है हम कुछ नहीं कर सकते। और एक दिन मैंने कहा था हाउस के अंदर कि आडवाणी जी ...(व्यवधान)...

प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा : माननीय उपसभापति जी, माननीय आडवाणी जी ने तो कभी ऐसा नहीं कहा कि कुछ नहीं कर सकते। ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: अब अगर मेरा एक-एक जुमला यह पकड़ेंगे तो बोलना मुश्किल होगा। और मुझे याद है कि मैंने कहा था, यहां मुंशी जी भी बैठे हुए हैं, कि आडवाणी जी मैं आपसे बहुत अदब से पूछना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के अंदर जो भी वाक्या होता है चाहे चांदनी चौक के अंदर बम फटे, चाहे रेलगाड़ी पटरी से उतरे आप हाउस में आते हैं और कह देते हैं कि आई॰ एस॰ आई॰ का हाथ है, मुझे तो ऐसा शुबहा होने लगा है कि उड़ीसा में समुद्र के अंदर जो तूफान आया था उसके पीछे भी आई॰ एस॰ आई॰ का हाथ है।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : आप मजाक मत करिए।

श्री राशिद अल्वी: मैं मजाक नहीं कर रहा हूं। लेकिन आपकी सरकार और इस सरकार के अंदर जमीन आसमान का फर्क है। इसके साथ-साथ मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि टेरोरिज्म को खत्म करने के लिए..(व्यवधान)... सर, यह तो रनिंग कामेंट्री देते रहेंगे Sir, it is very difficult how can one speak in the house when it is not in order?

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा : आप तथ्यों पर बोलिए।

श्री राशिद अल्वी: जब एक घंटा अरुण शौरी जी बोले, तो किसी ने डिस्टर्ब किया? ...(व्यवधान)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: यह उड़ीसा के साइक्लोन के बारे में ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप बहुत बोल लिये। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप बहुत बोल लिये। ...(व्यवधान)... It is not possible ... ...*(Interruptions)*...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: सर, यह उड़ीसा के साइक्लोन की बात कर रहे हैं। ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: सर, क्या मैं इनसे पूछकर बोलूंगा।....(व्यवधान)...मैं इनसे पूछकर बोलूंगा कि मुझे क्या बोलना है। ...(व्यवधान)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: यह किसने कहा। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: आप बैठ जाइये। ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: पार्लियामेंटेरियन इंटरफेयरेंस करने से नहीं बनता है, अपनी बात रखने से बनता है। आप सोचते हैं कि डिस्टर्ब करने से आप अच्छे पार्लियामेंटेरियन बन जायेंगे। ...(व्यवधान)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया : कम से कम आपसे नहीं सीखूंगा। मैं पार्लियामेंट के बारे में आपसे नहीं सीखूंगा।...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: आप अपनी बात बोला कीजिए। आप हाउस को डिस्टर्ब मत किया कीजिए। ...(व्यवधान)... सर, मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं, चूंकि मैं जानता हूं कि ये लोग बोलने नहीं देंगे। एक-एक जुमले को पकड़ने की कोशिश करेंगे। लेकिन इंटरनल सेक्योरिटी के अंदर यह भी देखना पड़ेगा कि पोलिटीशियन्स के क्रिमिनल्स के साथ क्या रिश्ते हैं? इंटरनल सेक्योरिटी सिर्फ नक्सलाइट्स और क्रास बार्डर टेरेरिज्म से नहीं है। इससे बड़ा खतरा देश के अंदर उन लोगों से है, जो क्रिमिनल्स के साथ मिलकर इस देश की इंटरनल सेक्योरिटी के लिए बड़ा भारी खतरा बन रहे हैं।

सर, मैं नाम नहीं ले रहा हूं क्योंकि फिर हंगामा हो सकता है, लेकिन एक बहुत बड़े डकैत ने आज तक और कितने ही टी॰वी॰ चैनल्स के ऊपर, निर्भय गूजर उत्तर प्रदेश का एक बहुत बड़ा डकैत रहा है, वह भी मारा गया, उसने इंटरव्यू में कहा कि एक मुख्य मंत्री के साथ मेरे दोस्ताना, मेरे बड़े भाई की हैसियत से...। उसने कहा कि मैंने उनके भाई को सोने का ताज भी पहनाने का काम किया, उन्होंने यह भी कहा कि मैंने इस पार्टी की पहले भी मदद की है और आइंदा भी मदद करूंगा। सेंट्रल गवर्नमेंट क्या करेगी। ...(व्यवधान)...

प्रो॰रामबख्श सिंह वर्मा: बिल्कुल ठीक बात है। ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: यह बात इनको रास आती है। ...(व्यवधान)...

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: रास नहीं आती है, यह बिल्कुल सही है। ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: अभी उत्तर प्रदेश के अंदर तीन-चार दिन पहले ...(व्यवधान)...

प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा: यह ठीक बात कह रहे हैं।...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: वर्मा जी, देखिये। ...(व्यवधान)... वह ठीक कह रहे हैं। जब वह कोई दूसरी बात कहते हैं तो उनके खिलाफ। ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: अभी उत्तर प्रदेश में तीन चार दिन पहले एक एम०एल०ए० का कत्ल हुआ, उसको भी एक राजनीतिक दल पूरे तरीके से सपोर्ट करता है। सरकार दूसरे बाहुबली को सपोर्ट करती है। बाहुबलियों की लड़ाई में राजनैतिक दल उनके पीछे-पीछे खड़े हैं।

सर, अगर इस तरीके की राजनीति होगी, तो देश के अंदर इंटरनल सेक्योरिटी की बात करना बेमानी हो जायेगा। (...समय की घंटी...) आज सेंट्रल गवर्नमेंट के पास कौन-सा हथियार है, जिस हथियार के इस्तेमाल से इस स्टेट के लॉ एंड आर्डर को ठीक किया जा सके। मैं अरुण शौरी जी आपसे पूछना चाहता हूं, आप बहुत लर्नेड आदमी हैं। हालांकि आप बहुत सारे आर्टिकल्स ऐसे लिखते हैं, मैं बड़ी बारीकी से पढ़ता हूं, जो खुद इंटरनल सेक्योरिटी के लिए प्राब्लम क्रिएट कर देते हैं। ...(व्यवधान)... लेकिन आपसे पूछना चाहता हूं। ...(व्यवधान)...

श्री अरुण शौरी: आप मुझे एक लाइन कहने दीजिए। मैं आपको सपोर्ट कर रहा हूं। सर, एक कमीशन आफ इन्क्वायरी थी यहां की किसी की बनवाई हुई। उन्होंने कहा कि जो रायट्स हुए हैं, मेरी ऐसी किताब से, जो उन रायट्स के तीन साल बाद छपी थी। यह कमीशन आफ इन्क्वायरी ने कहा भागलपुर के बारे में। ...(व्यवधान)...

श्री राशिद अल्वी: तीन साल पहले आपने बता दिया होगा कि मैं यह किताब लिखने वाला हूं। (...समय की घंटी...) मैं आपसे पूछना चाहता हूं आप पाइंट आउट कीजिए कि सेंट्रल गवर्नमेंट किस तरह से इन प्राब्लम्स को हल कर सकती है। हां, मैं एक रास्ता आपको बताने का काम करता हूं। कांस्टीट्युशन के बहुत से आर्टिकल्स हैं, जिनको लागू अकेले सरकार नहीं कर सकती है और ऐसी सरकार जो कोलीशन सरकार है। आज उत्तर प्रदेश के अंदर या किसी स्टेट के अंदर आर्टिकल 356 का इस्तेमाल करेंगे, तो कितना हंगामा देश के अंदर होगा। लेकिन यह बताइये कि सेंट्रल गवर्नमेंट क्या कर सकती है? एक्सटरनल प्राब्लम्स के अंदर तो सेंट्रल गवर्नमेंट बहुत कुछ कर सकती है, लेकिन बाहुबलियों के साथ पॉलिटिशियन्स का साथ है। नक्सलाइट्स मूवमेंट है, आंध्र प्रदेश के चीफ मिनिस्टर ने शायद पहली बार उन लोगों को मैस में बुलाकर बातचीत करने की कोशिश की, उन्हें पूरा मौका दिया, पुलिस से कह दिया कि अभी इनके साथ कोई ऐसा व्यवहार नहीं किया जायेगा, हम बातचीत करेंगे। ऐसा नहीं है कि इतिहास के अंदर पहले नहीं हुआ है। स्वर्गीय राजीव गांधी ने श्री घीसिंग के साथ बातचीत करके समस्या का समाधान किया था। हमारे सामने एक मिसाल मौजूद है। आंध्र प्रदेश के चीफ मिनिस्टर ने वही काम करने की कोशिश की, लेकिन आखिरकार फेल हो गये।

इसलिए सरकार की नीति है कि जहां पर बात से मसला हल होता हो, वहां हथियार नहीं उठाना चाहिए। यकीनन वे सारे लोग जो देश के अंदर हैं और हंगामा कर रहे हैं, अगर उनको सीधा रास्ता

7.00 P.M.

मिल जाए तो ज्यादा बेहतर तरीका होगा। लेकिन मैं आपसे कहूंगा कि बजाय सरकार को क्रिटीसाइज़ करने के - जो बात आपने कहीं थी कि - इंटरनल सिक्योरिटी ऐसा मामला है, जिस मामले के अंदर हम सबको बैठकर जांच करनी चाहिए। एक-दूसरे के खिलाफ अंगुली नहीं उठानी चाहिए। जब आप इधर अंगुली उठाएंगे तो मजबूरन इधर अंगुली उठेगी क्योंकि आज 58 साल के बाद एक अच्छा काम यह हुआ है कि देश का कोई भी राजनैतिक दल ऐसा नहीं है जो सत्ता के अंदर नहीं रहा। हर राजनैतिक दल जो सत्ता के अंदर रहा है, उसके अच्छे और बुरे काम देश की जनता के सामने हैं। आप किसी एक के बारे में कहेंगे तो दूसरा सफाई के साथ आपके बारे में कहेगा।..(समय की घंटी)... सर, मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं, अभी तो बहुत टाइम था लेकिन मेरा आधा टाइम तो मेरा इन्होंने खराब कर दिया। इंटरनल सिक्योरिटी एक ऐसा मसला है जिसका ताल्लुक संजीदगी से ज्यादा...(व्यवधान)...

प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा: मान्यवर, ये फिर आरोप लगा रहे हैं।...(व्यवधान)... ये अपनी बात नहीं कह रहे हैं।

श्री उपसभापति: अरे, ज़रा सुनिए तो।

श्री राशिद अल्वी: इंटरनल सिक्योरिटी के मामले में हम सबको बैठना चाहिए और आपसे कहूंगा, सरकार से भी कहूंगा कि कॉन्स्टीट्यूशन को अगर हम अमेंड कर सकें तो हमें उसे अमेंड भी करना चाहिए लेकिन आप ठीक तरीके से प्वाइंट आउट कीजिए कि सैंट्रल गवर्नमेंट को क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए। महोदय, मैं फैज़ के इस शेर के साथ अपनी बात खत्म करुंगा:

आइए हाथ उठाएं हम भी,

हम जिन्हें कोई बुद्ध कोई खुदा याद नहीं।

आइए अर्ज़ गुज़ारें कि निगारे हस्ती,

ज़हर-ए इमरोज़ में शीरनी-फरदा भर दे।

हम, जो खुदा को भूल गए, उसी खुदा से दुआ करते हैं कि आज के दिन में जो ज़हर भर गया है, ऐ खुदा, उसे शीरनी कर दे, मीठा कर दे, आज के हालात को ठीक हालात बना दे। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

श्री उपसभापति: श्री वसंत चव्हाण, आपकी पार्टी के तीन मिनट हैं।

श्री वसंत चव्हाण (महाराष्ट्र): उपसभापति जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं जो आपने एनसीपी को थोड़ा समय दिया।

श्री उपसभापति: थोड़ा समय नहीं, अलॉटिड समय दे रहा हूं।

श्री वसंत चव्हाण: काफी लोगों को अच्छा समय मिला।

श्री उपसभापति: मिल जाता है कभी-कभी। आपको भी मिल जाएगा कभी।

श्री वसंत चव्हाण: जैसी आपकी मर्जी, न्याय आपके हाथ में है। फैसले का तराजू आपके हाथ में है। हम आपकी अध्यक्षता में बैठे हैं। जैसा आप चाहें। आप जो ठीक समझें, करें। उपसभापति महोदय, यह बात कही गयी कि काफी गंभीर चर्चा यहां हुई। लेकिन यह बात मानने वाली नहीं है कि कहीं देश के अस्तित्व का सवाल इस इंटरनल सिक्योरिटी से पैदा हो गया है। कुछ बातें गंभीर जरूर हैं। सरकार भी कोई निकम्मी नहीं है, वह ऐसे ही नहीं बैठी है। काफी जगह सरकार ने काम भी किया है लेकिन यह चित्र बनाना कि आज का माहौल ऐसा है जिससे हमारी आंतरिक सुरक्षा सब तरफ से धोखे में आ रही है, यह कतई हकीकत नहीं है। इसको देश शायद नहीं मानेगा। इस बात को सामने रखकर अगर कोई चाहेगा कि देश का मत अपनी तरफ खींचेगा या अपनी तरफ से मत बनाए तो वह नहीं होगा। चूंकि बुनियादी बात यह है कि आज जो सरकार है और सरकार के साथ जो लोग हैं, उनको मुल्क पहचानता है कि यह धर्मनिरपेक्ष तत्वों की सरकार है और इस मुल्क में जब सरकार इन तथ्यों पर चलने वाली होती है जो किसी धर्म के विवाद में पड़ना नहीं चाहती, किसी धर्म का झगड़ा नहीं लगाना चाहती, किसी जाति-पाति का झगड़ा नहीं लगाना चाहती, अगर कोई बात कम-ज्यादा हो भी जाए तो लागों में यह गलतफहमी नहीं फैलती कि इस सरकार की नीयत अच्छी नहीं है। सरकार की नीयत भी अच्छी है, सरकार की नीति भी अच्छी है। देखने वाले की नज़र शायद अच्छी नहीं होगी, अपना नज़रिया वह आप साफ करे। लेकिन इस सरकार ने ऐसा कोई मामला नहीं होने दिया जिससे कोई प्रांत, कोई प्रदेश पूरा हिल गया, जिससे किसी को, देश की बाहर की ताकतों को कहना पड़ा कि हिन्दुस्तान की इज्ज़त पर बड़ा दाग लगा है।- ऐसी कोई बात यहां नहीं हुई है। जो घटनाएं हुई, उनका कोई समर्थन नहीं करता, वे नहीं होनी चाहिए थीं। मैं जिस प्रांत से आता हूं, वहां का उल्लेख पी.सी. एलेक्ज़ेंडर साहब ने किया, वे वहां पर गवर्नर रहे, कि वहां चन्द्रपुर में नक्सलवादियों की थोड़ी समस्या है।

शायद शौरी जी भी उसको ठीक से जानते हैं। वहां सिरोचा है, भामरागढ़ है, चंद्रपुर है–नक्सलवादियों का बहुत बड़ा एरिया है। कई पुलिस वालों की जानें गई हैं। कई देहाती लोग मर गए हैं, आज भी मर रहें हैं, गाड़ियों समेत उड़ाए जा रहे हैं। महोदय, यह तीनों प्रांतो का प्रश्न है, अकेली महाराष्ट्र सरकार इससे नहीं लड़ पाती है, इसका पूरा बंदोबस्त नहीं कर पाती है। इसमें आंध्र प्रदेश भी है, मध्य प्रदेश भी है और महाराष्ट्र भी है। अगर केंद्र इसके लिए प्रयत्न करे कि तीनों प्रांतों की सरकारों को एकत्र करके उन सरकारों के ज़रिए इस मामले को ठीक से हल किया जाए, तो हो सकता है कि वह प्रश्न हल भी हो जाएगा, लेकिन इसकी बुनियाद में कुछ आर्थिक प्रश्न भी हैं, इसकी बुनियाद में उनकी ज़रुरतों के प्रश्न भी हैं, उन प्रश्नों को हल करने के लिए जितना भी नक्सलियों का एरिया है, उसके लिए अगर स्पेशल डेवलपमेंट पैकेज, इकानॉमिक पैकेज केंद्र की तरफ से नहीं आएगा, तो वहां के आम आदमी की जो समस्याएं हैं, वे हल नहीं होंगी और आम आदमी को फिर इन बातों से कोई

सरोकार नहीं रह जाएगा कि क्या सरकार के खिलाफ होता है और क्या सरकार के खिलाफ नहीं होता है? जिसके पेट में रोटी नहीं है, जिसके तन पर कपड़ा नहीं है, उसको देश की ज्यादा चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं होती - इस किस्म की भावना को वहां फैलने में शायद मदद मिलेगी, इसलिए सरकार को यह प्रयत्न करना चाहिए कि यह जो नक्सली एरिया है, इसके लिए स्पेशल डेवलपमेंट पैकेज, स्पेशल इकानॉमिक पैकेज बनाना चाहिए।

उपसभापति जी, एक बात बहुत अच्छी हुई। तेरह साल हुए जब मुम्बई में हमने बम-बलास्ट देखे थे। किस तरह आदमियों की धज्जियां उड़ीं, हमने देखी थीं। एक के बाद एक, बीस मिनट में सारी मुम्बई दहल गई थी। ये बम-बलास्ट इसलिए कराए गए थे कि यह भारत की आर्थिक राजधानी है, इस पर हमला करो, तो देश हिल जाएगा, देश की प्रतिमा हिल जाएगी। वहां की सरकार ने 24 घंटे में वहां का शेयर बाज़ार चालू करवाया, लोकल ट्रेन्स चालू करवाईं और कोशिश करते रहे कि जो बम-बलास्ट में शामिल थे, चाहे वह दाऊद हो, चाहे अबू सलेम हो, उनको यहां लाया जाए। तेरह साल तक कोई नहीं ला पाया, लेकिन आज की सरकार को यह धन्यवाद ज़रूर देना पड़ेगा कि सलेम को जो कोई नहीं ला सका, यह सरकार उसको यहां लाई। इसके पहले कोई सरकार उसको नहीं ला पाई। इतना लड़कर, कानूनी लड़ाइयां लड़कर, अपनी मंशा पूरी करने के लिए, उसके पीछे पूरा ढाड़स बंधाकर आखिर वे उसको यहां लाए। इससे आगे और भी जिनको लाना पड़ेगा या जो मिल सकेंगे ...(व्यवधान).... अगर आप थक नहीं गए हैं तो ठीक है, आप भी कोशिश कीजिए। हम तो नहीं थके हैं, हम तो लाने की कोशिश करेंगे।

उपसभापति महोदय, जहानाबाद में जो कुछ हुआ, बहुत बुरा हुआ। देश के लिए यह अच्छी बात नहीं है कि आर्मी की तरह लोग आएं, जेल पर हमला करें और अपने साथियों को उठाकर ले जाएं। यह हमारे लिए बहुत बुरी बात है। इसका समर्थन किसी तरीके से नहीं हो सकता है और आज केंद्र कम रहा या बिहार सरकार कम रही, जो भी हो, देश में फिज़ा बिगड़ी है और इसको ठीक करने का केंद्र सरकार को पूरा-पूरा प्रयत्न करना पड़ेगा, इसकी जिम्मेदारियां भी उठानी पड़ेंगी।

महोदय, दिल्ली वालों की मैं ताईद करता हूं, उनकी हिम्मत की दाद देता हूं कि दिल्ली में जो अभी बम-बलास्ट हुए, दिल्ली वालों ने चौबीस घंटों में फिर से अपनी दुकान का शटर ऊपर किया। उन्होंने बताया कि हम आतंकवाद से लड़ सकते हैं, हम में हिम्मत है। वह हिम्मत जो दिल्ली वालों ने दिखाई, उसको देखते हुए, उसके पीछे कौन है और कौन उसके गुनहगार हैं, यह अगर हम आज तक नहीं ढूंढ पाए, तो दिल्ली वालों के दिलों को दिलासा नहीं मिलेगा। हमको कोशिश करनी चाहिए कि दिल्ली वालों ने तो अपनी हिम्मत दिखाई, लेकिन जो उसके पीछे गुनहगार हैं, शायद वे अभी तक हमारे शिकंजे में नहीं आ सके, इसके बारे में बहुत ज्यादा कोशिश करने की ज़रूरत है। (समय की घंटी)

उपसभापति जी, एक-दो बातें सिर्फ और बोलूंगा। अरूण शौरी जी ने तेलगी के केस का थोड़ा रेफरेंस दिया, क्योंकि मैं उस ज़माने में वहां मिनिस्टर था, इसलिए मुझे यह बात याद है। मैं शौरी जी

से कहना चाहता हूं कि वहां की राज्य सरकार यह केस सी.बी.आई. को नहीं देना चाहती थी, ऐसी बात नहीं है। ...(व्यवधान)...

श्री अरुण शौरी : कर्नाटक गवर्नमेंट ने कहा था।

श्री वसंत चव्हाण : महाराष्ट्र का नहीं कहा, आपने किसी गवर्नमेंट का नाम नहीं लिया।

श्री अरुण शौरी : यह documented fact है कि कर्नाटक गवर्नमेंट ने ड्रैग किया था, तो ultimately public pressure से उनको agree करना पड़ता था।

SHRI VASANT CHAVAN: If it is concerning Karnataka, I do not want to say anything because at that time you did not mention the name of the State. So, I thought you were talking about Maharashtra State.

SHRI ARUN SHOURIE: I did not want to create any controversy. Now that since you have asked me, it is well-known that it is Karnataka.

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka): It is the Government of Karnataka which made arrests, took action and ten cases were filed. ...*(Interruptions)*...

SHRI ARUN SHOURIE: Sir, I have gone into that. The IG who did that just happens to be a Member of Parliament of the BJP. So, I know as to how it was done. ...*(Interruptions)*...

श्री वसंत चव्हाण : Anyway, दोनों प्रांतो ने अपना-अपना काम किया है, अच्छा काम किया है। उपसभापति महोदय, यह बात भी हकीकत है कि जितनी ताकत से केस शुरु हुआ था, अब बहुत ढीला पड़ता जा रहा है। कहीं ऐसा न हो कि तेलगी के जीते भी इसका कोई इंतजाम भी बाहर न आए, हमें फिकर इस बात की है। सरकार को इस पर भी गंभीरता से सोचना पड़ेगा और जो-जो इसमें काम करते हैं, अगर न्यायालय भी काम करता है तो उसको भी सोचना पड़ेगा कि तेलगी के जीते जी इसका फैसला हो जाए तो देश को पता चलेगा कि कौन इसमें गुनाहगार है और कौन इसमें असली बुरा काम करने वाले लोग हैं?

महोदय, मेरी सिर्फ एक ही बात रह गई है कि श्री अबू आसिम आजमी ने श्री कृष्ण कमीशन की एक बात का रेफ्रेंस दिया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सिख भाइयों के साथ जो अन्याय हुआ था, उसको दूर करने का देश के पंथ प्रधान सरदार मनमोहन सिंह जी ने पूरा प्रयास किया और इस मामले को हल कर दिया। इंटरनल सेक्योरिटी के लिए इस सद्भाव का निर्माण होना भी जरूरी था। इसके लिए पंथ प्रधान को सारे देश ने बधाई भी दी। सब लोग इस बारे में धन्यवाद भी देते हैं कि उन्होंने बहुत बड़ा काम किया है। कई सालों से जो काम चल रहा था और जिसमें कुछ ने कुछ हलचल हो रही थी, उसको उन्होंने सीधा करने की कोशिश की है। उन्होंने श्री कृष्ण कमीशन की बात कही और उन्होंने यह कहा कि यहां तो आपने एक मिनिस्टर को हटा दिया, लेकिन श्री कृष्ण

कमीशन ने जिनका नाम लिया है, उनको मंत्री बना दिया। हिम्मत है तो सामने आकर बोलें कि किसका नाम श्री कृष्ण कमीशन में है, कौन से मंत्री का, कौन से व्यक्ति का, वे आज कौन से मंत्री हैं, किस मंत्रालय में काम कर रहे हैं अगर हिम्मत है तो बात करें। अगर उनके पास तथ्य नहीं है और वह ढांढस नहीं है तो मेहरबानी करके पर्दे के पीछे से तीर चलाना बंद करें। वे फिर से महाराष्ट्र की, मुम्बई की फिज़ा खराब करने का काम न करें। यह मैं उनसे अनुरोध करता हूं।

गृह मंत्री जी से मेरा सिर्फ यह अनुरोध है। कि जो चर्चा हुई है, ठीक है नुक्ताचीनी दोनों तरफ से हुई होगी, लेकिन इसको गंभीरता से लें। पुलिस के महकमें में ज्यादा सुधार करने की जरूरत है, आधुनिक बनाने की जरूरत है। जो प्रश्न दो-तीन राज्यों का हैं, उसके लिए एक फेडरल काउंसिल बनाकर, उन प्रश्नों को हल करने की जरूरत है और जो बजट आज पुलिस के लिए है, आज जितने आदमी पुलिस में काम कर रहे हैं, ये शायद कम हैं, इनको बढ़ना चाहिए। जो पुलिस में गलती करते हैं, मेहरबानी करके उनको माफ न करें, उनको घर जाने दें। उनकी जगह दूसरे नौजवान बच्चे आएंगे और ईमानदारी से काम करेंगे। आप इतना काम करें। यह कहते हुए मैं आपनी बात खत्म करता हूं।

DR. CHANDAN MITRA (Nominated): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you for having given me the opportunity to speak on this issue. I know that the House has been debating this issue for a long time. As you said, "अभी हाउस का बहुत कुछ सुनने का मूड नहीं है", I will try to be very brief and I will focus on one particular aspect of the issue because internal security is a very vast subject. It includes, as many Members have pointed out, questions of terrorism, separatist groups, infiltration from across the border, drug caterls and a host of crimes that are involved in this large issue of internal security.

My focus is on the aspect of Naxalite violence, and, particularly, the connections between Naxalite groups in India and Naxalite groups abroad. I am very glad that the Minister of State for External Affairs is also here with the Minister of State for Home Affairs because, I think, there is a great need for coordination between the External Affairs and Home Ministries in dealing with the problem which has assumed a huge dimension, particularly in State like Bihar.

The Jehanabad incident which has really shaken the country because it is the first time in the history of independent India that an organised guerrilla raid, reminiscent of what used to happen in China and Vietnam, happened in the heartland of India People came in droves, announced their intentions, went and raided the jail, got people freed, dragged out

their enemies, and, after a few days, we found two of them, their headless bodies thrown into the fields and the police could do nothing.

Then, they walked down the streets of the town with a microphone and a loudspeaker and announced that they had come, they had achieved their objective and they were retreating. This complete abdication by the State and the way they cocked a snook at authority is absolutely unheard of in independent India. And, Sir, this happened, I think, with the full knowledge, intimation or anticipation by the law-enforcing authorities. The armoury of the police station at Giridih was raided only a few days before the Jehanabad incident and a lot of arms and ammunition were taken away and these were used in the Jehanabad raid. There should have, obviously, been far greater coordination in the whole matter; information should have flowed very clearly and categorically and action should have been taken. I think, somehow, there is an atmosphere now that nobody is taking this matter seriously and considering the issue of Naxalite violence with the importance and gravity that it demands. Sir,according to information in our possession, Naxalites have killed more people in recent years than the Jehadis have killed in Jammu and Kashmir. But, the magnitude of the problem does not seem to come out from the Government's response. I would, therefore, urge the Home Ministry to look into this matter seriously, especially the issue of coordination between the States. The issue has been raised that law and order is a State subject; the Centre cannot always do something to intervene. But the Centre can urge, the Centre can intervene with the States, the Centre can coordinate the policies between the States. I am sure no State is going to object because all are suffering, As the hon. Member has just now said, " The problem is not in Maharashtra only, so many other States are also involved." Who is going to do this coordination? So, Central coordination a unified policy frame work frequent meetings and holding of the coordinating committee meetings regularly are absolutely essential. The Problem has not been tackled with the sense of urgency that was required.

Sir, the other point I would like to raise is that there is a great inconsistency between the Government's supposed commitment to stamp out Naxalite violence in India and the way it has dealt with Maoists in Nepal. Sir, I would like to know from the Minister of State for External Affairs as well as the Minister of State for Home Affairs. Is it not a fact that the Nepali Maoist leader, so called Comrade Prachanda, was in Delhi and Government intermediaries brokered a deal between the Maoists Communists and the political parties in Nepal ? Now, Comrade Prachanda

and Babulal Bhattarai are people against whom there are interpol red alert. So these poeple were brought to Delhi and whatever the Government's intention — may be very good, I am not questioning that — the point is, if you play footsie with one set of Maoists who have created terror in Nepal, and, at the same time, wish to fight Maoists inside India, there is an inconsistency in the position. I think, it is very important that there must be a consistency in Government's policy because the Nepal Maoists have made no secret of their plan to launch a similar movement in India and assist Indian Maoists. There is credible evidence that in a raid on another police station in a place called Madhuban in East Champaran District in Bihar, a few months ago, some Nepali Maoists were there to help their Indian comrades. So, in this scenario, unless there is a coordinated policy interally, and consistency in terms of foreign policy towards Nepal and what we do in India, this kind of incidents are bound to grow and multiply. So, this is what I wish to urge the Government of India — to try and coordinate and seriously consider the enactment of federal laws which have now been done in countries like the United States, which we have discussed in this House also on earlier occasions. we have discussed whether there is a need for designating certain crimes as federal crimes and devising appropriate strategies to deal with them. Certainly, terrorism and naxalite violence are in this category where you need the Centre and the States to come closer and coordinate their activities. Just a few days ago, there was a map published in many newspapers, described as the naxalite map of India.

It showed that from Nepal right down to Kerala, there were blotches of red being connected from North to South. The so-called red corridr, which the naxalites have been talking about, has practically been achieved. So, I would like to ask the hon. Home Minister one question through you, Sir, when will the Government wake up to this problem, and when will it adopt a coordinate policy? Thank you very much, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Statement by the Minister of State in the Ministry of External Affairs on the Thirteenth SAARC Summit in Dhaka.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, it is a very lengthy Statement. It can be laid.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is a lengthy Statement. You can lay the Statement on the Table of the House.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS. (SHRI E. AHAMMED): Sir, I would definitely lay a copy of the Statement on the Table of the House. But, Sir, this morning the hon. Chairman has instructed me to give the clarification to some hon. Members.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will take up the clarifications later.

SHRI E. AHAMMED: Sir, since only one Member is there, let him put his clarification. It will take only two minutes.

SHRI DINESH TRIVEDI: (West Bengal): Sir, in the morning I wanted to ask a question. I was told that the Statement was going to be laid. Sir, we cannot keep on postponing the clarification. I have no problem, if you give the ruling that clarifications can be sought tomorrow.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not a question of ruling. It is the sense of the House.

SHRI DINESH TRIVEDI: But, Sir, then what will happen? My question does not get answered. I cannot seek clarification here.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have not studied the Statement.

SHRI E. AHAMMED: Sir, he has studied it.

SHRI DINESH TRIVEDI: Sir, it is related to the question I wanted to ask in the morning.

SHRI E. AHAMMED: Sir, it is a general question by the hon. Member on the SAARC economic position, which he has already put in the morning during the Question Hour. The Chairman has directed me to clarify it when I make the Statement. So, since I am laying the Statement on the Table of the House, I can clarify his point. Then everything will be over.

SHRI DINESH TRIVEDI: So, when can we seek clarifications?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will fix the date.

SHRI DINESH TRIVEDI: That is all right. I have no problem.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Clarifications will be there.

SHRI E. AHAMMED: So, can I lay clarifications?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, only lay the Statement.

SHRI ARUN SHOURIE: Is it clarification to the question?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No.

SHRI ARUN SHOURIE: Then what is this?

SHRI E. AHAMMED: Sir, I can answer...*(Interruptions)*...

SHRI DINESH TRIVEDI: This is a very important...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Minister will lay the Statement.

STATEMENT BY MINISTER

Thirteenth SAARC Summit In Dhaka

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI E. AHAMMED): Sir, I lay a copy of the Statement on the Thirteenth SAARC Summit in Dhaka on the Table of the House.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You can send the clarification to the hon. Member. There is no question of laying the clarification. You can send the clarification if the hon. Member wants. Because the other four or five Members who have requested for clarification are not here. So, we will fix the other date for clarifications.

SHRI E. AHAMMED: Sir, it can be taken up next Wednesday.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It can be fixed as per your convenience. The Short Duration Discussion on the internal security scenario in the country is over. The reply will be tomorrow. The House stands adjourned to meet tomorrow at 11.00 a.m.

The House then adjourned at twenty-three minutes past seven of the clock till eleven of the clock on Friday, the 2nd December, 2005.

MGIPMRND—5192RS—02-06-2006.